18-Oct -RAIGARH-pg-01_Layout 1 10/8/2026 8:54 PM Page 1

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 जिंदल फाउंडेशन ने उठाया बिरहोरों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का बीड़ा



[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

खबर संक्षेप

नहरपाली में शिक्षक की स्कूटी चोरी, अपराध दर्ज

रायगढ़। भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नहरपाली में किराए के मकान के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी होने के मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलसि ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है। शिक्षक जनेश्वर खरे ग्राम कोडतराई स्थित शासकीय स्कूल में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं और वर्तमान में नहरपाली की चुड़ामणि पटेल कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं।
इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शिक्षक जनेश्वर खरे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 16 अक्टूबर की रात खाना खाने के बाद अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 12 बीबी 3416 को मकान के गेट के बाहर खड़ा किया था। उन्होंने स्कूटी का हैंडल लॉक कर दिया और इसके बाद सोने चले गए। 17 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे जब वह उठे, तो गेट के बाहर खड़ी स्कूटी गायब थी। इसके बाद उन्होंने आसपास तलाश की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। शिक्षक के मुताबिक स्कूटी की डिक्की में वाहन के सभी दस्तावेज भी रखे हुए थे। स्कूटी चोरी होने के बाद जनेश्वर खरे ने भूपदेवपुर थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। इस मामले में पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

कुकरीचोली में अवैध लकड़ी परिवहन, कार्रवाई

रायगढ़। खरसिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकरीचोली में आम प्रजाति की लकड़ी के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर उड़नदस्ता दल रायगढ़ एवं वन परिक्षेत्र खरसिया के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। इस दौरान ट्रक व लकड़ी को जब्त कर लिया गया है। मौके पर निरीक्षण के दौरान एक ट्रक में आम प्रजाति की लकड़ी लोड की जा रही थी। ट्रक में लगभग दो चट्टा आम की लकड़ी लोड पाई गई। वन अमले द्वारा मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से लकड़ी की कटाई, संग्रहण एवं परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। वैध दस्तावेजों के अभाव में उड़नदस्ता दल रायगढ़ एवं वन परिक्षेत्र खरसिया की संयुक्त टीम द्वारा ट्रक सहित आम प्रजाति की लकड़ी जब्त कर मदनपुर डिपो परिसर में लाया गया। प्रकरण में लकड़ी के स्रोत, कटाई एवं परिवहन की वैधता के संबंध में जांच की जा रही है तथा नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

दो बाइक में भिड़ंत मजदूर समेत दो घायल

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के जामगा पुल मेन रोड पर दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक को गंभीर चोटें आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है। मामले में चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलंगा निवासी बनमाली यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा बीते 12 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 6:30 बजे घटित हुआ। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बनमाली यादव ने बताया कि वह रोजी-मजदूरी करता हैं। वह अपने परिचित सुशील गुप्ता की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर कोयलंगा से जामगा की ओर जा रहा था। मोटरसाइकिल सुशील गुप्ता चला रहा था। इसी दौरान जामगा पुल के पास सामने से आ रहे बाइक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। बनमाली यादव के बाएं पैर के घुटने और बाएं गाल पर चोट आई, जबकि सुशील गुप्ता के बाएं घुटने और कंधे में चोट लगी।

नौतनवा एक्सप्रेस में यात्री का 77 हजार का मोबाइल चोरी

रायगढ़। नौतनवा एक्सप्रेस से वाराणसी जा रहे रायगढ़ निवासी यात्री का करीब 77 हजार रुपए कीमती मोबाइल चोरी होने के मामले में जीआरपी रायगढ़ ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले में विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बड़े रामपुर स्थित सिल्वर नेस्ट कॉलोनी निवासी अजय कुमार सिंह 36 वर्ष ने बताया कि वह बीते 14 अक्टूबर को ट्रेन नंबर 18201 नौतनवा एक्सप्रेस से वाराणसी के लिए यात्रा कर रहे थे। वह कोच बी-2 की बर्थ नंबर 55 पर सफर कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्हें नींद आ गई। इसी बीच 15 अक्टूबर की रात करीब 2 से 2:30 बजे ट्रेन अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी, तब उन्होंने देखा कि बर्थ पर रखा उनका मोबाइल गायब है। मोबाइल की कीमत उन्होंने 76 हजार 999 रुपए बताई है।इसके बाद उन्होंने ट्रेन में मौजूद आरपीएफ स्कॉर्टिंग पार्टी को इसकी सूचना दी। टीम ने कोच में तलाश की, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। इसके बाद उन्हें यात्रा पूरी होने पर जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी गई। तत्पश्चात अजय कुमार सिंह ने जीआरपी थाना रायगढ़ पहुंचकर लिखित शिकायत दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल बंद होने के बाद कॉल करने पर कॉल फॉरवर्ड होने की सूचना मिल रही थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

नाले पर पुल निर्माण अटका, गोवर्धनपुर माध्यमिक शाला की बदहाली

न सड़क, ना ही बाउंड्रीवाल, शिक्षक वाहन छोड़कर पैदल पहुंचते हैं गोवर्धनपुर स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





बिना बाउंड्रीवॉल के स्कूल और रास्ते में नाला।

शहरी क्षेत्र के स्कूल याने वेल फर्निश्ड, ऐसा लोग सोचते हैं, लेकिन गोवर्धनपुर के मिडिल स्कूल ठीक इसके विपरित है। यहां तो ऐसा है कि यदि गर्मी में भी बारिश हो जाए तो शिक्षिकों को पैदल जाना पड़ता है। बच्चे तो पैदल आते ही हैं। याने शहर में विकास के दावों के बीच गोवर्धनपुर माध्यमिक शाला की बदहाली व्यवस्था को आईना दिखा रही है। स्कूल तक पहुंचने के लिए न ढंग की सड़क है, न परिसर में बाउंड्रीवाल। बारिश में रास्ता इतना बदहाल हो जाता है कि शिक्षक वाहन छोड़कर पैदल स्कूल पहुंचते हैं और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित होती है। हैरानी यह है कि जनसमस्या निवारण अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मुद्दा उठने, निगम आयुक्त के निरीक्षण और नाले पर पुल के लिए 15 लाख का स्टीमेट बनने के बावजूद समस्या जस की तस है। कुल मिलाकर जिम्मेदारों की अनदेखी से बच्चों और शिक्षकों की परेशानी बढ़ गई है।

गौरतलब है कि गोवर्धनपुर माध्यमिक शाला तक जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे और जलभराव की समस्या आज की नहीं बल्कि काफी पुरानी है। सामान्य दिनों में भी इस रास्ते से आवागमन आसान नहीं है, जबकि बारिश के दौरान पानी भरने से स्थिति और खराब हो जाती है। सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार हालात ऐसे बनते हैं कि स्कूल संचालन भी प्रभावित होने लगता है और अघोषित अवकाश जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है। वहीं विद्यालय की समस्या केवल पहुंच मार्ग तक सीमित नहीं है। स्कूल परिसर में सुरक्षा के लिहाज से जरूरी बाउंड्रीवाल का भी अभाव काफी समय से बना हुआ है। जिसका निर्माण आज तक नहीं हो सका है। ऐसे में विद्यालय की बुनियादी सुविधाओं और विद्यार्थियों के सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों को प्रतिदिन खराब रास्ते से गुजरना पड़ता है, लेकिन लंबे समय से मांग के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। जानकारी के अनुसार स्कूल तक पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए गए हैं। रास्ते में नाले पर पुल निर्माण के लिए करीब 15 लाख का स्टीमेट तैयार किया गया है, लेकिन संबंधित हिस्से में निजी भूमि होने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। भूमि संबंधी समस्या का समाधान होने के बाद ही सड़क और पुल निर्माण की राह खुलने की उम्मीद है।

जनसमस्या निवारण शिविर में उठा था मुद्दा

स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण की मांग जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान भी उठाई गई थी। इस संबंध में आवेदन दिए जाने के बाद नगर निगम आयुक्त द्वारा मौके का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया था। हालांकि, एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सका है। अब मार्ग में नाला होने और निजी भूमि से जुड़ी अड़चन को निर्माण में देरी की वजह बताया जा रहा है।

निरीक्षण कर भूले अधिकारी

गोवर्धनपुर के नगर निगम क्षेत्र में शामिल होने के कई वर्ष बाद भी माध्यमिक शाला तक पहुंच मार्ग जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव चिंता का विषय है। स्कूल प्रबंधन की ओर से संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराए जाने के बावजूद स्थायी समाधान का इंतजार है। जानकारी के अनुसार यहां जांच के लिए आने वाले अधिकारियों को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ता है।

सरसीवा हसौद मार्ग पर सड़कों के गड्ढों की मरम्मत में तेजी

सारंगढ़। जिले में बरसात के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं संधारण कार्यों में तेजी लाई गई है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सरसीवा-हसौद मार्ग पर सड़क के गड्ढों को भरने और क्षतिग्रस्त हिस्सों में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों, यात्रियों एवं वाहन चालकों को आवागमन में राहत मिलेगी।



बरसात के दौरान लगातार बारिश से जिले के विभिन्न मार्गों की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। जगह जगह गड्ढे बनने से आम नागरिकों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनसुविधा एवं सुरक्षित आवागमन को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर पदमिनी भोई ने बैठक में सड़कों की स्थिति की समीक्षा कर लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित निर्माण एजेंसियों को बरसात के बाद तत्काल मरम्मत एवं संधारण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा सरसीवा हसौद मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों में गड्ढों की मरम्मत एवं डामरीकरण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सड़क की सतह दुरुस्त होने से वाहनों की आवाजाही सुगम होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आवागमन करने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। इस मार्ग के सुधरने से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों एवं दैनिक आवागमन में भी सहूलियत होगी।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

रायगढ़। तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम गौरबहरी में सड़क हादसा हो गया। बजरंगबली मंदिर के सामने साइकिल से घर लौट रहे एक मजदूर को एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर के जबड़े, पेट और घुटने में चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायगढ़ रेफर किया गया। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रमोद साव ने पुलिस को बताया कि वह डोंगामौहा स्थित जिंदल कंपनी में काम करता है। बीते 12 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे काम खत्म कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम गौरबहरी के बजरंगबली मंदिर के सामने गांव की सरोजनी चौहान तेज रफ्तार और लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए आईं और उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रमोद साव सड़क पर गिर गया। उसके जबड़े, पेट और घुटने में चोट लगी तथा वह बेहोश हो गया।

ऑनलाइन राशन जारी, हितग्राहियों को नहीं मिला अनाज

राशन दुकान में सवा 3 लाख के खाद्यान्न का हिसाब गायब

रायगढ़। पुसौर विकासखंड के ग्राम पचेड़ा की शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न की कमी मिलने पर महिला समूह के पदाधिकारियों, सदस्यों और विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। खाद्य विभाग की जांच में रिकॉर्ड की तुलना में 72.03 क्विंटल चावल, 3.94 क्विंटल शक्कर और 1.49 क्विंटल नमक कम पाया गया। इसकी कुल कीमत 3 लाख 22 हजार 193 रुपये आंकी गई है। जांच में 16 राशनकार्डधारियों को ऑनलाइन वितरण दर्ज होने के बावजूद खाद्यान्न नहीं मिलने की बात कही थी। विभाग ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खाद्य निरीक्षक चूड़ामणि सिदार ने 21 सितंबर को शासकीय उचित मूल्य दुकान पचेड़ा, दुकान का निरीक्षण किया था। इस दौरान दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच में मौके पर 48 क्विंटल चावल, 1.50 क्विंटल शक्कर और 4.50 क्विंटल नमक मिला। वहीं, ई-पॉस मशीन में प्रदर्शित शेष स्टॉक के अनुसार दुकान में 120.03 क्विंटल चावल, 5.44 क्विंटल शक्कर और 5.99 क्विंटल नमक उपलब्ध होना चाहिए था। इस तरह रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक के बीच चावल में 72.03 क्विंटल, शक्कर में 3.94 क्विंटल और नमक में 1.49 क्विंटल का अंतर पाया गया। खाद्य विभाग ने इनकी आर्थिक लागत के आधार पर कुल कीमत 3 लाख 22 हजार 193 रुपये आंकी है। जांच के दौरान एक और गंभीर अनियमितता सामने आई। विभागीय प्रतिवेदन के अनुसार, अगस्त 2026 में 16 राशनकार्डधारियों के नाम पर ई-पॉस मशीन से खाद्यान्न का ऑनलाइन वितरण दर्ज था, लेकिन संबंधित हितग्राहियों को वास्तव में राशन नहीं मिला था। इन 16 हितग्राहियों के मामले में 4.99 क्विंटल चावल, 13 किलोग्राम शक्कर और 13 किलोग्राम नमक का वितरण भौतिक रूप से नहीं किए जाने की बात सामने आई।



> पुसौर विकासखंड के ग्राम पचेड़ा की शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न वितरण में लापरवाही व अनियमितताएं होने की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर जांच की गई जो सही पाया गया। इसके तहत कोतरा रोड थाने में संबंधित महिला स्व सहायता समूह के पदाधिकारी, सदस्य व विक्रेता पर एफआईआर दर्ज कराया गया है।
> **चितरंजन सिंह**
> **जिला खाद्य अधिकारी, रायगढ**

स्टॉक और वितरण रजिस्टर भी नहीं मिले

जांच प्रतिवेदन में दुकान के रखरखाव और आवश्यक सूचनाओं के प्रदर्शन में भी कमियां दर्ज की गई हैं। विभाग के मुताबिक, विक्रेता से स्टॉक और वितरण पंजी प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कम पाए गए खाद्यान्न के संबंध में संतोषजनक जानकारी और संबंधित रजिस्टर प्रस्तुत नहीं कर सका।

एसएसपी ने सपरिवार माँ बंजारी धाम में की पूजा-अर्चना

तमनार। सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम में शारदीय नवरात्र पर्व सप्तमी को एसएसपी शशिमोहन सिंह सपरिवार पूजा अर्चना कर माथा टेका और जिलेवासियों की सुख शांति समृद्धि की कामना की। दीप गृह में पूजा अर्चना कर अखण्ड मनोकामना ज्योति कलश का दर्शन किये। मन्दिर समिति द्वारा चुनरी ओढाकर श्रीफल से अभिनन्दन किया गया। पुलिस परिवार द्वारा महाभण्डारा का शुभारंभ करते हजारो श्रद्धालुओं को चावल, दाल सब्जी खीर पूड़ी भंडारा खिलाया गया। केलो महतारी तमनार के बेटियों का गरबा नृत्य का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। बंजारी मन्दिर समिति सदस्यों द्वारा पानी पार्किंग, पूजन दर्शन, प्रसाद की व्यवस्था, दीप प्रज्वलन, प्रसाद वितरण हर दिन दोपहर व रात्रिकालीन हजारो लोगो को भोजन भंडारा खिलाने के संबंध में बताया गया।



महिला से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

रायगढ़। महिला से छेड़छाड़ के मामले में महिला थाना पुलिस ने 30 वर्षीय मनीष राठिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर गांव की अन्य महिलाओं के साथ भी अशोभनीय हरकतें करने के आरोप हैं। ग्रामीणों और बीडीसी की समझाइश के बाद भी उसके व्यवहार में सुधार नहीं होने की बात सामने आई है। मामला 18 अक्टूबर की सुबह का है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वह सुबह करीब 6:30 बजे घर के पास जंगल में गई थी। इसी दौरान आरोपी झाड़ियों के पीछे छिपा था। आरोप है कि उसने पीड़िता का हाथ और साड़ी पकड़कर खींचतान की और छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना में धारा 74 और 77 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



बागमुड़ा तालाब से जुड़ी है सदियों पुरानी लोककथा

आराध्य माँ बैगिन डोकरी की अद्भुत महिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

आस्था का एक विशिष्ट केंद्र है घरघोड़ा, जहां माँ बैगिन डोकरी को नगर की प्रमुख आराध्य देवी के रूप में पूजा जाता है। माता की महिमा से जुड़ी मान्यताएं इतनी अनूठी हैं कि उनके तीन स्वरूपों की पूजा तीन अलग-अलग स्थानों पर करने की परंपरा प्रचलित है। कहीं माता के सिर स्वरूप की आराधना होती है, कहीं धड़ स्वरूप की पूजा की जाती है, तो कहीं पैर स्वरूप को विराजमान मानकर भक्त शीश नवाते हैं।

चारभाँठा से बेटी का नाता, घरघोड़ा से बहू का रिश्ता, ऐतिहासिक बागमुड़ा तालाब से जुड़ी लोककथा और तीन स्थानों पर माता के स्वरूपों की पूजा.माँ बैगिन डोकरी की महिमा सांस्कृतिक पहचान का एक घरघोड़ा की धार्मिक और अनूठा अध्याय है।



चारभाँठा की बेटी से आराध्य देवी बनने की लोकगाथा

माँ बैगिन डोकरी का संबंध घरघोड़ा के ग्राम पंचायत चारभाँठा से रहा है। मान्यता है कि माता चारभाँठा की बेटी थीं और विवाह के बाद घरघोड़ा के बैगा परिवार में बहू बनकर आई थीं। यही वजह है कि माता की महिमा में दो गांवों और क्षेत्रों के बीच एक भावनात्मक रिश्ता दिखाई देता है। चारभाँठा को माता का मायका और घरघोड़ा को उनकी ससुराल के रूप में याद किया जाता है।

बागमुड़ा तालाब और माता का संबंध

ऐतिहासिक बागमुड़ा तालाब भी माँ बैगिन डोकरी की महिमा से जुड़ा है। माता बैगिन डोकरी बागमुड़ा तालाब में स्नान करने आती थीं। इसी मान्यता के कारण तालाब का उल्लेख माता की लोकगाथा में विशेष रूप से किया जाता है। घरघोड़ा के इतिहास और स्थानीय जनजीवन में अपनी पहचान रखने वाला बागमुड़ा तालाब इस कथा के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है।

तीन स्थान, तीन स्वरूप और एक ही आराध्य देवी

माँ बैगिन डोकरी की महिमा का सबसे विशिष्ट पहलू उनके तीन अलग-अलग पूजा स्थलों से जुड़ी मान्यता है। श्रद्धालुओं के बीच प्रचलित लोककथा के अनुसार, माता के सिर, धड़ और पैर स्वरूप की पूजा तीन अलग अलग स्थानों पर की जाती है। केराझर ब्लॉक कॉलोनी स्थित बैगिन डोकरी मंदिर में माता के सिर स्वरूप की पूजा किए जाने की मान्यता है। नेगीपारा स्थित माता मंदिर में माँ बैगिन डोकरी के धड़ स्वरूप की पूजा किए जाने की लोकमान्यता प्रचलित है। रेंगालबहरी रोड स्थित देवलास में माता के पैर स्वरूप की स्थापना है।

राज्य स्तरीय रोड साइक्लिंग स्पर्धा में पुसौर के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक

रायगढ़। रायपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में पुसौर ब्लॉक के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में पुसौर के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर रायगढ़ जिले सहित बिलासपुर संभाग को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक किया गया। इसमें पुसौर ब्लॉक के 12 खिलाड़ियों ने बिलासपुर संभाग की ओर से हिस्सा लिया। टीम में 7 बालक और 5 बालिकाएं शामिल थीं। प्रतियोगिता 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित की गई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी गति, संतुलन, सहनशक्ति और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। स्पर्धा में सेजेस पुसौर की अंतरा सारथी और तनीषा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। इसी विद्यालय के मिहिर पटेल और चांदनी साव ने कांस्य पदक हासिल किए। वहीं अभिनव विद्या मंदिर स्कूल, पुसौर की तनुजा निषाद ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आदर्श ग्राम भारती स्कूलए पुसौर की वंशिका महाना ने भी कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।



खबर संक्षेप

सरगुजा में जिला स्तरीय युवा उत्सव 27 को

अम्बिकापुर। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में प्रातः 8 बजे से किया जाना है। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 में विकसित भारत चैलेंज ट्रेक, लोक नृत्य, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज, पारंपरिक वेशभूषा, लोक गीत, रॉकबैंड विधाओं को शामिल किया गया है। रॉक बैंड प्रतियोगिता का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए 15 से 29 वर्ष आयु वर्ष के इच्छुक प्रतिभागी अपने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण सरगुजा में युवा उत्सव से संबंधित जानकारी प्राप्त कर अपनी सबंधित विधा में सूची जमा कर सकतें है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग कलेक्टोरेट परिसर अम्बिकापुर में 22 अक्टूबर 2026 तक कार्यालयीन समय में आकर युवा उत्सव से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

रामनगर में 27 अक्टूबर से होगी श्रीराम कथा

बिश्रामपुर। रामनगर में राधा कृष्ण सेवा समिति के तत्वावधान में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पूज्य प्राची देवी के मुखारविंद से श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का श्रवण करेंगे। आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे कलशयात्रा के साथ होगी। इसके बाद 27 अक्टूबर से प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक श्रीराम कथा होगी। 5 नवंबर को सुबह 8 बजे हवन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। कथा के पहले दिन 27 अक्टूबर को मंगलाचरण एवं राम नाम की महिमा का वर्णन होगा। 28 अक्टूबर को भारद्वाज-याज्ञवल्क्य मिलन, सती चरित्र और शिव-पार्वती विवाह, जबकि 29 अक्टूबर को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया जाएगा। 30 अक्टूबर को विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा एवं सीता स्वयंवर और 31 अक्टूबर को श्रीराम विवाह, अयोध्या आगमन एवं अयोध्या कांड का वर्णन होगा। इसी क्रम में 1 नवंबर को वनगमन एवं भरत मिलाप, 2 नवंबर को अरण्य कांड, 3 नवंबर को अरण्य एवं किष्किंधा कांड तथा 4 नवंबर को सुंदरकांड, रावण वध और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा सुनाई जाएगी।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

अम्बिकापुर। गांव में राशन वितरण के लिए मुनादी कर रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव निवासी राजेश देवांगन आ. स्व. कलेश्वर देवांगन (32 वर्ष) 13 अक्टूबर को कोटवार भाई गिरजा शंकर के सचिव के पास चले जाने से बाइक से गांव में राशन वितरण के संबंध में मुनादी करने गया था। युवक गांव में मुनादी कर रह था तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

बालिका छात्रावासों में टीम जाकर करेगी छात्राओं की काउंसलिंग

अंबिकापुर। सरगुजा में अब स्कूल शिक्षा विभाग बालिका छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने के साथ ही वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही छात्राओं से बात कर उनकी काउंसलिंग करेगा। यह निर्णय पिछले दिनों एक छात्रा द्वारा उठाए गए कदम के बाद लिया गया है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर महिला प्राचार्यों और शिक्षकों की टीम गठित की जाएगी। बता दें कि सरगुजा जिले में शासकीय के साथ ही बड़ी संख्या में बालिकाओं के निजी छात्रावास संचालित है।

समिति 22 वर्षों से कर रही सनातन धर्म की सेवा: विजय आदित्य

नगर में गरबा महोत्सव की धूम, हेलमेट पहनने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

एसपी ने की सुरक्षा की अपील. कहा- पुलिस पूरी तरह तैनात है

प्रायोजक ने पुलिस विभाग को 1000 हेलमेट देने का किया ऐलान

श्री नारायण जनकल्याण समिति की ओर से बालाजी मैदान बीएसएनएल कार्यालय के सामने आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव में सप्तमी की शाम भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सड़क सुरक्षा और हेलमेट जागरूकता थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय आदित्य सिंह जूदेव, पूर्व विधायक विनय भगत, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, देवेंद्र कुमार जैन एवं नरेश नंदे उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम के प्रायोजक अभय कुमार सोनी यंग तिरंगा से नीतिश गुप्ता, व्यापारी संघ से राजकुमार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा, जनपद पंचायत सीईओ लोकहित भगत, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता विनोद भगत, लक्ष्मी स्टील इंडस्ट्रीज से जयंत सोनी, शिव शक्ति टीवीएस से विकास गुप्ता,अजय कुशवाहा, वंशराज बाउंड्री वॉल से मनोज गुप्ता जी उपस्थित रहे।

गाने के माध्यम से दिया हेलमेट पहनने का संदेश

समिति की ओर से लोगों को हेलमेट के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य और कलाकार कमलेश्वर सारथी ने अपने गीत के माध्यम से संदेश दिया 'सुन ले ओ प्यारी मां के दुलारे, जीवन को बचाना है हेलमेट लगाना है'। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रायोजक अभय कंस्ट्रक्शन के श्री अभय कुमार सोनी ने पुलिस विभाग को 1 upej हेलमेट देने की घोषणा की।



अतिथियों ने की आयोजन समिति की सराहना

आयोजन समिति की सराहना करते हुए विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि, श्री नारायण जनकल्याण समिति विगत 20 वर्षों से बहुत ही अच्छे कार्यक्रम करते आ रही है, इसके लिए पूरी समिति बधाई की पात्र है। समिति धार्मिक कार्यक्रमों और परंपराओं को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण थीम पर आयोजित कार्यक्रम है। उन्होंने सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम को लेकर लोगों को जागरूक किया और कहा कि गरबा महोत्सव के दौरान पुलिस टीम पूरी तरह तैनात है। उन्होंने ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि अपना ओटीपी, बैंक अकाउंट और निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

प्रतिभागियों को मिल रहे बंपर पुरस्कार

सप्तमी के कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार के रूप में एलईडी टीवही यंग तिरंगा के श्री नीतिश गुप्ता की ओर से प्रदान किया गया। साथ ही प्रतिदिन बेस्ट गरबा और बेस्ट वेशभूषा के लिए भी पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

निकली मां भगवती की भव्य डोला यात्रा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जशपुरनगर। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर धर्मनगरी जशपुर के प्रसिद्ध सोगड़ा आश्रम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। परंपरा के अनुसार, इस पावन अवसर पर मां भगवती का भव्य डोला अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। दशकों से चली आ रही इस पौराणिक और धार्मिक परंपरा के गवाह बनने के लिए सैकड़ों की संख्या में दूर-दराज से श्रद्धालु सोगड़ा आश्रम पहुंचे। सप्तमी के पावन अवसर पर सुबह से ही आश्रम परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। वैदिक मंत्रोच्चार और मां भगवती के जयकारों के बीच जब मां का डोला यात्रा आरंभ हुई, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। डोले के साथ चल रहे श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक धुनों के बीच अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। जगह-जगह मां के डोले का स्वागत किया गया और भक्तों ने मन्नतें मांगीं।

दशकों पुरानी है परंपरा

स्थानीय लोगों और पुजारियों के अनुसार, सोगड़ा आश्रम से शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर मां भगवती का डोला निकालने की यह परंपरा दशकों पुरानी है। क्षेत्र के लोगों की इस डोला यात्रा के प्रति गहरा आदर-भाव और अटूट श्रद्धा जुड़ी हुई है। मान्यता है कि सप्तमी के दिन मां के दर्शन मात्र से भक्तों के सभी संकट दूर होते हैं और क्षेत्र में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



सुरक्षा और व्यवस्था रही चाक-चौबंद

सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आश्रम समिति और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और दर्शन की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी भी भक्त को असुविधा का सामना न करना पड़े।महाष्टमी और महानवमी के आगामी कार्यक्रमों के साथ सोगड़ा आश्रम में नवरात्रि का यह उत्सव क्षेत्र में मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

आस्था का महासैलाब, 108 मीटर चुनरी लेकर निकलीं महिलाएं



जशपुरनगर। मां दुर्गा की आराधना और भक्ति के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन कुनकुरी में भव्य 108 मीटर चुनरी यात्रा निकाली गई। सुबह 8 बजे बजरंग नगर दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित इस भव्य चुनरी यात्रा में महिलाएं 108 मीटर लंबी चुनरी लेकर नगर भ्रमण पर निकलीं। मां दुर्गा के जयकारों और श्रद्धालुओं के उत्साह से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। यात्रा में महिलाओं की बड़ी भागीदारी आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। बजरंग नगर दुर्गा पूजा समिति की इस पहल ने नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक एकता का संदेश दिया। मां दुर्गा के प्रति आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन ने कुनकुरी में नवरात्र उत्सव की रौनक और बढ़ा दी। इस अवसर पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रही।

विधायक गोमती ने की दुर्गा पंडालों में मां के दर्शन-पूजन



पत्थलगांव। पत्थलगांव विधायक उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण एवं गुजरात सह प्रभारी गोमती साय ने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पत्थलगांव शहर एवं ग्रामीण के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आयोजन समितियों से आत्मीय मुलाकात कर नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह के बीच मां दुर्गा की आराधना की गई। इस मौके पर गोमती साय ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और शक्ति उपासना का प्रतीक है। मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करें, यही प्रार्थना है।

अक्स गरबा उत्सव में उमड़े भक्त, झूमे श्रद्धालु



जशपुरनगर। जगत जननी मां दुर्गा की उपासना का महपर्व नवरात्र की षष्ठमी के दिन शुक्रवार को अक्स गरबा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन के प्रांगण में आयोजित गरबा उत्सव में शहर और आसपास के ग्रामीण अंचल से सैकड़ों की संख्या में दर्शक उमड़े। परंपरागत वेशभूषा में सजे हुए प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ गरबा नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, एसएसपी डा लाल उमेद सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुनील सोनी और चिटू गुप्ता उपस्थित थे। प्रतिभागियों व दर्शकों को संबोधित करते हुए कृष्ण कुमार राय ने कहा कि गरबा महोत्सव सनातन धर्म की सदियों पुरानी परंपरा है। जिस तरह से युवा इसमें शामिल हो रहे हैं, यह सनातन धर्म के भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

आयोजकों व स्वयं सेवकों की मेहनत की प्रशंसा

जिला पंचायत के अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि गरबा एक नृत्य होने के साथ माता रानी की आराधना और भक्ति का एक साधन है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा आयोजन है,जहां आ कर दो तीन पीढ़ियां एक साथ ताल से ताल मिलाते हुए,माता रानी की भक्ति में लीन हो कर नृत्य करते हैं। एसएसपी सिंह ने नवरात्र व दशहरा की शुभकामना देते हुए दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होनें वाहन चालकों से वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

धान खरीदी को लेकर हुई प्राधिकारियों की बैठक



पुसौर। पुसौर ब्लॉक के सेवा सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी धान खरीदी सत्र को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सरकार द्वारा किसानों के हित में इस वर्ष 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। बैठक में इस बात पर मंथन किया गया कि किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए और शासन द्वारा तय नियमों का पालन करते हुए धान खरीदी की व्यवस्था को किस प्रकार निर्विवाद और सुचारू रूप से संपन्न कराया जाए। इसके साथ ही समिति स्तर पर धान खरीदी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं को चिन्हांकित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से धान खरीदी के लिए फड़ चबूतरा का निर्माण खरीदी केंद्रों में बाउंड्री वाल व्यवस्था तौल कांटा, बारदाना और छाया पानी जैसी अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं।बैठक में जानकारी दी गई कि पुसौर ब्लॉक में 15 मुख्य सोसायटी और 4 उपकेंद्रों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य संपन्न होता है। कई सोसायटियों में फड़ और चहारदीवारी की कमी महसूस की जा रही है जिससे धान की सुरक्षा और खरीदी में दिक्कत आती है।

दुर्गा महोत्सव में गरबा की थाप और ओडिया अपेरा नाटक की रही धूम

पुसौर। पुसौर का दुर्गा महोत्सव हर साल केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक रहा है। पिछले कई वर्षों से ब्लॉक ग्राउंड पुसौर में माँ भगवती की भव्य मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑर्केस्ट्रा, गरबा नृत्य और दशहरा पर रावण दहन के साथ रामलीला मंचन का आयोजन होता आया है, लेकिन इस वर्ष आयोजक मंडल ने परंपरा में एक नया प्रयोग करने का साहस दिखाया है। इस वर्ष दशकों पुरानी आड़िशा के प्रसिद्ध अपेरा ओपेरा नाटक के मंचन का निर्णय लिया गया है।

अपेरा नाटक उड़ीसा की एक प्रसिद्ध संगीतमय नाट्य शैली है जिसमें पौराणिक कथाओं को गीत संगीत और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात से लगातार तीन दिनों तक पुसौर दुर्गा पंडाल में इसका मंचन किया जाएगा। इस बार के महोत्सव का दूसरा सबसे बड़ा आकर्षण गरबा नृत्य है। गरबा में रुचि रखने वाली लगभग 180 युवतियों की एक बड़ी टीम प्रतिदिन शाम 6 बजे से 8 बजे तक माँ भगवती के समक्ष उनकी स्तुति में गरबा नृत्य कर रही है।इन युवतियों को गरबा की बारीकियां सिखाने का काम कोच के रूप में ममता कसेर सरिता गुप्ता और संगीता महाना कर रही हैं। ढोल की थाप पर जब 180 युवतियां एक साथ एक रंग बिरंगी पोशाक में गरबा करती हैं तो पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठता है।



बरमकेला पुलिस ने पकड़ा दो संदिग्ध



बरमकेला। बरमकेला पुलिस ने चांटीपाली जंगल के सुनसान इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मौजूद दो युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की है। दोनों युवक जंगल के ऐसे स्थान पर मिले जहां देर रात राहगीरों का आवागमन होता है। उनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें सारंगढ़ जेल भेज दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर की देर रात चांटीपाली जंगल से गुजरने वाले राहगीरों ने जंगल के सुनसान इलाके में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की मौजूदगी की सूचना दी थी। राहगीरों को वहां मौजूद युवकों की गतिविधियां सामान्य नहीं लगीं। सुनसान स्थान पर उनकी मौजूदगी को देखते हुए संभावित अप्रिय घटना की आशंका जताई गई और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। बरमकेला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवकों को पकड़ा। पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए युवकों की पहचान रमेश सिदार 20 वर्ष, पिता मधु सिदार तथा मोहम्मद चांद 24 वर्ष पिता मोहम्मद इकबाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों बरमकेला के वार्ड क्रमांक 15 के निवासी हैं। चांटीपाली जंगल के सुनसान क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने के बाद पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की। मामले में पुलिस ने तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170] 126 एवं 135(3) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को सारंगढ़ जेल भेज दिया गया। पुलिस की कार्रवाई का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा ऐसी परिस्थितियों को समय रहते नियंत्रित करना है, जिनसे आम नागरिकों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका हो सकती है।

कार्रवाई की है

चांटीपाली जंगल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

एके बेक , टीआई बरमकेला

पत्थलगांव में यातायात व्यवस्था बेपटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सड़क पर ठेले और बेतरतीब खड़े वाहन बन रहे जाम की वजह

फॉरेस्ट ऑफिस के सामने फल के ठेलों से लेकर बस स्टैंड तक सड़क पर कब्जा

शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों बदहाल है। सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन और सड़क किनारे लगाए जा रहे ठेले आवागमन में बाधा बन रहे हैं। जशपुर रोड स्थित फॉरेस्ट कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में फल के ठेले लगने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं, सड़क की सफेद पट्टी के ऊपर वाहन खड़े कर खरीदारी करने की प्रवृत्ति ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल होती नजर नहीं आ रही है। शहर में यातायात जाम की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। सड़कों पर वाहन खड़े कर सामान खरीदना आम हो गया है। लोग सफेद पट्टी के ऊपर वाहन खड़े कर फल से लेकर कपड़ों तक की खरीदारी करते हैं। इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। एक वाहन के सड़क पर खड़े होने से दूसरे वाहनों के निकलने की जगह कम हो जाती है। इसके बावजूद न तो वाहन चालक इस समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं और न ही सड़क किनारे ठेले लगाने वालों पर प्रभावी नियंत्रण दिखाई दे रहा है। बस स्टैंड से लेकर गुडलक दुकान तक शहर की सड़कों पर जगह-जगह वाहन खड़े दिखाई देते हैं। जशपुर रोड पर फॉरेस्ट कार्यालय के सामने फल के ठेलों की कतार और सड़क पर खड़े वाहनों के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बचती। ऐसे में वाहन चालकों के साथ स्थानीय नागरिकों को भी रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



त्योहारों में बढ़ी जिम्मेदारी

वर्तमान में शहर में बड़े पैमाने पर त्योहार मनाए जा रहे हैं। ऐसे समय में बाजार में लोगों की आवाजाही बढ़ने के कारण यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। स्थानीय प्रशासन, पुलिस और यातायात पुलिस को संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों तथा यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण पर कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि, जमीनी स्तर पर ऐसी कोई प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

नियमों के पालन से ही सुधरेगी व्यवस्था

शहर में यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और सड़क पर गलत तरीके से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने की जरूरत है। साथ ही, ठेले लगाने के लिए निर्धारित स्थान की व्यवस्था कर सड़क को आवागमन के लिए खाली रखा जाना चाहिए। नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई से ही जाम की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है। अब देखना होगा कि स्थानीय प्रशासन पत्थलगांव की चरमराई यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस पहल करता है या फिर शहरवासियों को इसी तरह रोजाना जाम और अव्यवस्थित यातायात की समस्या से जूझना पड़ेगा।



दिल्ली की तंग गलियों में सुलझाएंगे जुर्म की गुत्थी

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही निर्देशक ईशान शर्मा की पहली फिल्म 'कबूतर' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसका निर्माण निखिल चौधरी कर रहे हैं, जिसमें फ्रांस और नॉर्वे के निर्माता भी शामिल हैं। दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित इस क्राइम-ड्रामा फिल्म की शूटिंग साल 2027 की शुरुआत में दिल्ली में शुरू होगी, जहां नवाजुद्दीन एक अनोखे गली-मोहल्ले के अनोखे जासूस के रूप में जुर्म की गुत्थी सुलझाएंगे। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, पुरानी दिल्ली की जर्जर इमारतों के बीच रची गई 'कबूतर' की कहानी महबूब नाम के एक गली-मोहल्ले के जासूस महबूब के इर्द-गिर्द घूमती है।

लाइफ Style

यामी

नई नवेली ने जीता दिल या किया निराश?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम की नई फिल्म 'नई नवेली' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसके साथ ही फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने वाले दर्शकों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।

एक्स पर कोई फिल्म की कहानी और यामी के अभिनय को परखता नजर आ रहा है तो कोई इसके स्क्रीनप्ले और निर्देशन पर बात कर रहा है। कुल मिलाकर 'नई नवेली' को लेकर सोशल मीडिया पर दर्शकों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। 'नई नवेली' को एक यूजर ने 2.5 स्टार देते हुए लिखा कि यामी और आदिनाथ कोठारे की एक्टिंग तो अच्छी है, लेकिन हॉरर, कॉमेडी और धार्मिक बैकड्रॉप का मेल फिल्म को कमजोर बना देता है। एक अन्य यूजर ने इसे 1.5 स्टार देकर लिखा कि लोककथा और ड्रामा का यह कांसेप्ट दर्शकों को डराने और हंसाने में नाकाम साबित होता है। कुछ ने कहा कि 'नई नवेली' की कहानी बड़े पर्दे पर दर्शकों को बांधने में नाकाम साबित होती है। दर्शकों के मुताबिक, यामी की बेहतरीन स्क्रीन प्रेजेंस एक कमजोर और बेजान कहानी की भेंट चढ़ गई। कॉमेडी कुछ हिस्सों में तो हंसाती है, लेकिन हॉरर सीन खास असर नहीं छोड़ पाते। बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा होने के बावजूद ढीले स्क्रीनप्ले और कमजोर निर्देशन के कारण ये एक औसत से नीचे की फिल्म बनकर रह जाती है। फैंटेसी और पारिवारिक ड्रामा के होते हुए भी बड़े सीन बेअसर साबित होते हैं, जिससे फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करने में नाकाम रहती है।



हॉलीवुड मसाला



हॉलीवुड में अच्छी फिल्में नहीं बनती

लॉस एंजिल्स। फेमस एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में हॉलीवुड को लेकर एक खुलासा किया है। उनका मानना है कि अब हॉलीवुड में क्वालिटी फिल्में नहीं बनती हैं। अब बड़े प्रोडक्शन हाउस भी बिजनेस पर ही फोकस करते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि वो हॉलीवुड छोड़ने वाले थे। इसकी वजह का भी खुलासा किया है। जैकी चैन लीजेंडरी एक्शन स्टार ही नहीं, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में लंबा वक्त बिताया है। हर फिल्म इंडस्ट्री से वाकिफ होने का तजुर्बा रखते हैं। उनके मार्शल आर्ट्स और कॉमेडी की दुनिया अभी भी मुरीद है।



कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' का बनेगा रीमेक

लॉस एंजिल्स। 'लापता लेडीज' और 'धोबी घाट' जैसी फिल्में बना चुकीं किरण राव लगता अगली परियोजना की तैयारी में हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' को रीमेक के जरिए भारतीय दर्शकों तक पहुंचाना चाहती हैं। 2015 में रिलीज इस ड्रामा-सीरीज को आईएमडी पर 9 की रेटिंग से नवाजा गया है। इसकी कहानी युवा दोस्तों के बड़े होने की चुनौतियों पर आधारित है। किरण ने सीरीज की कहानी और पड़ोस में रहने वाले परिवारों के चित्रण की तारीफ भी की। 'द पॉपकॉर्न आवर' कार्यक्रम के दौरान, किरण ने 'रिप्लाई 1988' का भारतीय रीमेक बनाने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, "सर्वश्रेष्ठ के-ड्रामा 'रिप्लाई 1988' नामक शो है। यह एक शानदार शो है। इसकी कहानी असल में 1988 में घटित होती है।



गाने में हर स्टेप का सिखाया मतलब...

मुंबई। शरवरी निर्देशक सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के गाने 'झुमका पटोला' में कुछ नया करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सूरज बड़जात्या के साथ काम करके उन्हें समझ आया कि डांस सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं होता, बल्कि इससे कहानी भी कही जा सकती है। बड़जात्या ने उन्हें सिखाया कि डांस के हर मूव और चेहरे के हाव-भाव का खास मतलब होता है। इससे उनकी परफॉर्मेंस में भी पहले से ज्यादा निखार आया है। बड़जात्या की खासियत है कि वो डांस के जरिए भी कहानी को खूबसूरती से पेश करते हैं। शरवरी के मुताबिक, उनके साथ काम करके वह डांस से एक अलग ही स्तर पर जुड़ पाईं और समझा कि डांस सिर्फ अच्छे मूव्स दिखाने के लिए नहीं, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने का भी जरिया है।



'गनमास्टर जी9' का गाना हुआ जारी

मुंबई। इमरान हाशमी और जेनेलिया डिसूजा की आगामी फिल्म 'गनमास्टर जी9' से नया गाना रिलीज हुआ है। कुछ दिन पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'अफसाना बनाया आपने' रिलीज किया था, जिसे लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया हासिल हुई। अब हिमेश रेशमिया के संगीत में पिरोया गया नया गाना 'दो दिन की जिंदगी' यूट्यूब पर जारी हो गया है, जो फिल्म में इमरान और जेनेलिया के किरदारों पर फिल्मांकित है। बता दें, आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित 'गनमास्टर G9' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। हिमेश रेशमिया मेलोडीज द्वारा निर्मित 'दो दिन की जिंदगी' गाने को विशाल मिश्रा और श्रेया घोषल ने अपनी आवाज दी है। इसके लिए बोल जुनैद वसी ने लिखे हैं, जबकि संगीत हिमेश का है। वीडियो में इमरान और जेनेलिया के किरदारों को खूबसूरती से पेश किया गया है।

टीवी मसाला



'कौन बनेगा करोड़पति' की हॉट सीट पर दिखेंगे रणबीर कपूर-साई पल्लवी

मुंबई। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण' 5 नवंबर, 2026 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। इस दौरान फिल्म की टीम जोरों-शोरों से प्रचार में लगी हुई है। अब रणबीर और साई 'रामायण' के प्रचार के लिए अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18 में नजर आएंगे।

फिल्म के बारे में होगी खास बातचीत : जानकारी के मुताबिक, शो के दौरान दोनों कलाकार अपनी फिल्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सकते हैं और अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। ये आने वाला एपिसोड काफी दिलचस्प हो सकता है, क्योंकि इसके दौरान रणबीर और अमिताभ एक बार फिर साथ नजर आएंगे। ये दोनों कलाकार 2022 में अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन-शिवा' में एक साथ दिखाई दिए थे, जिसमें रणबीर ने 'शिवा' और अमिताभ ने 'गुरु' का किरदार निभाया था।

मल्टी-स्टारर फिल्म है 'रामायण': नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली 'रामायण' में रणबीर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं और साई माता सीता के किरदार में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म दुनियाभर में रिलीज की जाएगी और इसे 40 से अधिक भाषाओं में डब किया गया है। इसे 2 पार्ट में बनाया गया है, जिसका दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के समय रिलीज किया जाएगा। इसमें यश रावण के रूप में दिखाई देंगे और कई अन्य जाने-माने सितारे भी नजर आएंगे।

'कॉफी विद करण 9' में सलमान ने सुनाया डरावना किस्सा- देखा नहीं, सिर्फ महसूस किया

मुंबई। करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' का 9वां सीजन जियोहॉटस्टार पर आ गया है। 14 अक्टूबर को शो के पहले एपिसोड का प्रीमियर किया गया, जिसमें सलमान खान और करिश्मा कपूर शामिल हुए। बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपने घर को लेकर एक डरावने अनुभव का किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि गैलेक्सी अपार्टमेंट्स फ्लैट में उनका कमरा भूतिया था। सलमान ने यह भी बताया कि उन्हें अपने कमरे में किसी की मौजूदगी का एहसास होता था। शो के दौरान, करण ने याद किया कि सलमान का गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में घर कितना छोटा था। घर का जिक्र आते ही सलमान ने कहा, आपको पता है, उस कमरे में मैं कभी अकेला नहीं रहा। मैं वहां किसी के साथ रहा था, जिसे मैंने कभी देखा ही नहीं, सिर्फ सुना है, सिर्फ महसूस किया है पीछे। हर बार जब मैं बाहर आता, तो बत्तियां अपने आप जलती-बुझती थीं। अलमारियां अपने आप खुलती थीं।



अभिजीत सावंत बोले- गाने के 50 रुपए मिलते थे, संघर्ष के दिनों को किया याद

मुंबई। 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' और 'मर जावा मिट जावा' जैसे मशहूर गानों को अपनी आवाज देने वाले अभिजीत सावंत लाखों दिलों पर राज करते हैं। 'इंडियन आइडल' शो का पहला सीजन जीतने के बाद वह एक बार फिर 'इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न' में अपने सुरों का जादू बिखेरने वाले हैं। इस बीच अभिजीत ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया और बताया कि वह कैसे छोटे-छोटे पंडालों में 50 रुपये के बदले गाना गाया करते थे।

कभी-कभी 100 रुपए मिलते थे

अभिजीत ने कहा, जब मुझे छोटे-छोटे स्टेज पर गाने का मौका मिलता था, वह दिन मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन हो जाता है। मुझे आज भी याद है कि मैं छोटे-छोटे कार्यक्रमों और पंडालों में गाया करता था। कभी-कभी मुझे 100 रुपये मिल जाते थे तो कभी कोई खुशी-खुशी मेरी जेब में 50 रुपये डाल देता था और कहता था था कि लो बेटा, आज कुछ खा लेना।



हमने भगवान को नहीं देखा लेकिन दर्शकों को देखा है

अभिजीत ने कहा, जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। कई दिन ऐसे भी रहे, जो बहुत अच्छे नहीं थे। जब भी मैं किसी मुश्किल दौर से गुजरता हूं या मेरा दिन खराब जाता है तो मैं उन लोगों के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने उस समय मुझे प्यार दिया और ये कहकर उम्मीद जगाई कि मैं अच्छा कर सकता हूं। अभिजीत ने दर्शकों को अपनी ताकत बताया और उनकी तुलना भगवान से की, जो उन्हें काम करने की प्रेरणा देते हैं।

रोशन संग जमेगी सिमर की जोड़ी

फिल्म 'बातों ही बातों में' से मचाएंगी धमाल

मुंबई। बीएलएम पिक्चर्स ने अपनी नई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'बातों ही बातों में' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म में रोशन मैथ्यू और अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया की नई जोड़ी पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएगी। धीरज बोस के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग इसी साल नवंबर से शुरू होगी। ये कहानी रिश्तों में बातचीत, जुड़ाव और आने वाले अनपेक्षित मोड़ों के इर्द-गिर्द घूमती है।





सिमर ने इस फिल्म से रखा था बॉलीवुड में कदम : सिमर भाटिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से की थी, जिसमें उन्होंने अगस्त्य नंदा के साथ काम किया और अपनी बेहतरीन एक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा। अब वो फिल्म 'बातों ही बातों में' में नजर आएंगी, वहीं, रोशन मैथ्यू साउथ और बॉलीवुड के एक माने हुए अभिनेता हैं। वो आलिया भट्ट की 'डार्लिंग्स', 'कपूर एंड सन्स' और 'उलझ' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुके हैं।

विवेक ओबेरॉय को मिली थीं अंडरवर्ल्ड से धमकियां, सालों बाद खोले राज..

मुंबई। *अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बॉलीवुड में मौजूद ताकतवर लॉबी को लेकर खुलकर बात की है। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी के उस मुश्किल दौर को याद किया, जब उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। विवेक ने बताया कि उस समय हालात इतने बिगड़ गए थे कि उन्हें अंडरवर्ल्ड से भी धमकियां मिलने लगी थीं और इस वजह से लोगों ने उनसे बात करनी बंद कर दी थी।*

क्या है पूरा मामला?

बता दें कि साल 2003 में सलमान खान के साथ हुए बहुचर्चित विवाद और प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विवेक को बॉलीवुड की कई ताकतवर हस्तियों के साथ तनावपूर्ण हालात का सामना करना पड़ा था। इस वजह से उन्हें अंडरवर्ल्ड से धमकियां मिलने लगी थीं।

विवेक को किया गया बहुत परेशान

विवक ने कहा, मुझे जो गलत लगा, उसके खिलाफ आवाज उठाई और इसके बाद मुझे बहुत परेशान किया जाने लगा। यह मेरे जीवन का बहुत मुश्किल दौर था, क्योंकि सफल फिल्में देने और पुरस्कार जीतने के बावजूद एक ताकतवर लॉबी ने सब कुछ अपने कब्जे में ले लिया। ऐसा होता था कि जिन फिल्मों को मैंने साइन किया था, वहां से लोग पीछे हटने लगे और कहने लगे, सॉरी यार, अब हम तुम्हारे साथ काम नहीं कर सकते।



विवेक के साथ काम किया तो खत्म कर देंगे

विवेक ने बताया कि शुरुआत में कुछ लोग नैतिकता के आधार पर उनके साथ खड़े रहे। हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही वे डर के मारे पीछे हट गए। विवेक ने कहा, लोगों को अंडरवर्ल्ड से फोन आने लगे थे। उन्हें धमकी दी जाती थी कि अगर विवेक के साथ काम किया तो उनका काम तमाम कर दिया जाएगा। इस वजह से वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की खातिर मेरा साथ छोड़कर दूर चले गए।

'राइज एंड फॉल' में पवन सिंह की वापसी से पलटेगा पूरा खेल

बीच में छोड़ा था पहला सीजन

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता और नेता पवन सिंह रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने पहले सीजन में हिस्सा लिया था, लेकिन निजी कारणों से बीच में ही शो छोड़ दिया था। अब दूसरे सीजन में उनकी वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि, अभी तक उनकी वापसी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



तेज प्रताप की विदाई, अब पवन की वापसी के चर्चे

'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में अब तक कई बदलाव देखने को मिले हैं। कानूनी दिक्कतों के चलते तेज प्रताप यादव को शो छोड़ना पड़ा, जबकि कायरा अनु और राज ग्रोवर बाहर हो चुके हैं। हाल ही में निहारिका तिवारी ने चैलेंज में स्वरा भास्कर को हराकर पहली महिला अल्टीमेट रूलर बनने का खिताब जीता। वीरेंद्र सहवाग के होस्ट किए जा रहे इस शो को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। अब पवन सिंह की वापसी की खबरों ने दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है।

खबर संक्षेप



कोसीर क्षेत्र के गांव-गांव में नवरात्री पर्व की धूम

कोसीर। कोसीर सहित अंचल के गांव गांव में इस समय नवरात्री पर्व की धूम चल रही है। ग्राम कपिस्दा अ में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान माता रानी से क्षेत्र की समृद्धि खुशहाली और सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। श्रीमती हेमा विश्वनाथ बसंत जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 विश्वनाथ बसंत जिला मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, हरिशंकर निराला मंडल अध्यक्ष, शिवम चंद्रा मंडल महामंत्री, श्रीमती सुरुति साहू सरपंच पत्नी, कपिस्दा अ साथ ही ग्राम के उप सरपंच, पंचगण, किशनो साहू बूथ अध्यक्ष, रामधन साहू शक्ति केंद्र संयोजक सहित गाँव के समस्त वरिष्ठ नागरिक माताएँ और बहनें उपस्थित रहीं। विदित हो कि इस समय ग्राम कपिस्दा मे ग्राम सरपंच साहू के अगुवाई में नवरात्री पर्व की पूजा पाठ पुरी भक्ति भाव के साथ की जा रही है जिससे पुरी गांव में भक्ति पूर्ण महौल बनी हुई है।

किसान इंधर ने धान के बदले लगाई मूंगफली

रायगढ़। जिले के ग्राम कछार निवासी किसान इंधर पटेल ने धान के बदले दो एकड़ भूमि में मूंगफली की खेती की है। योजना के तहत पात्रता अनुसार उन्हें आदान सहायता का लाभ मिलेगा। सान इंधर पटेल के पास लगभग 10 से 12 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा उन्हें मूंगफली के बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। धान की तुलना में मूंगफली की खेती में लागत कम आने, दवाइयों का कम उपयोग होने तथा श्रम की आवश्यकता कम होने के कारण उन्होंने इस फसल को अपनाया है।

सेवा सेतु से शिक्षक आकाश को मिली राहत

रायगढ़। जिले के घरघोड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम कसईया निवासी शिक्षक आकाश कुमार बारीक को भी इस डिजिटल पहल से लाभ मिला। उन्हें शैक्षणिक कार्यों, छात्रवृत्ति एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थेए जिससे समय और श्रम खर्च होता था। सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिलने पर उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया और इस सुविधा का लाभ उठाया।

महुआ से लेकर देशी-विदेशी शराब की बिक्री



कटेली। कटेली में अवैध शराब का कारोबार बेखौफ चल रहा है। यहां देशी-विदेशी शराब तक लोगों को आसानी से मिल जाती है। गांव में दर्जनों लोग खुलेआम कच्ची महुआ शराब के साथ ही देशी विदेशी शराब बेच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, छापेमारी कर शराब भी जब्त की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद शराब व्यापारियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की कार्रवाई महज खानापूर्ति साबित हो रही है। कार्रवाई के कुछ दिन बाद ही कारोबारी फिर से सक्रिय हो जाते हैं, जिस पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। खुलेआम शराब बिकने से गांव में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहा है, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। गांव में ऐसे दर्जनों लोग हैं जो शराब बिक्री व्यवसाय बन चुका हैं शराब बिक्री कर अधिक आय अर्जित करके शराब बिक्री को बढ़ावा दे रहे हैं अवैध शराब विक्रेता गांव में दिनों दिन शराब विक्रेताओं की संख्या में वृद्धि हो रही है जिससे महिला वर्ग काफी परेशान है एवं चिंतित हैं। शराब बिक्री के संबंध में ग्राम पंचायत कटेली के सरपंच प्रेम बाई चौहान ने बताया की गांव में शराब बेचना एवं बनाना सख्त मना है जिसकी मुनादी कराई गई थी।

जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने विशेष काम करने की ठानी

जिंदल फाउंडेशन ने उठाया बिरहोरों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





पढ़ाई करते बच्चे और प्रमाण पत्र के साथ महिलाएं।

ऐसे लोग जो बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित थे, ऐसे लोगों की सेवा कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए काम करने की अभिलाषा को साकार करते हुए जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल ने विशेष काम करने की ठानी। इस सोच को अमलीजामा पहनाते हुए उन्होंने काम शुरू किया। इन कार्यों के शुरू होने से बिरहोर जैसी विशेष जनजाति के बच्चे अब बेहतर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनके जीवन स्तर में भी सुधार हुआ है। इसके अलावा कोविड के दौर में जब पूरा विश्व महामारी से जूझ रहा था, तब कई घर ऐसे थे जिनके मां और पिता सहित पालकों की कोविड के कारण मौत हो गई। ऐसे बच्चों के सामने परवरिश की समस्या आ गई। ऐसे बच्चों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने जिंदल चिल्ड्रन होम शुरू कराया।

जिंदल पावर तमनार लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन स्तर सुधारने के लिए लगातार काम कर रहा है। ग्राम पंचायत कचकोबा के आश्रित गांव सीतापारा में रहने वाले राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र, विलुप्त हो रही विशेष जनजाति बिरहोर लोगों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने, उनके सर्वांगिण विकास का बीड़ा जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल ने उठाया। उनके विशेष दिशा निर्देश पर यहां रहने वाले 30 परिवारों के लिए काम शुरू किया गया। यह विशेष जनजाति मुख्य धारा से अलग केवल वनों पर आश्रित थी। ऐसी स्थिति में उन्हें खाने पीने तक के सामान के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यहां सहारा बिरहोर स्व सहायता समूह का गठन किया गया। व्यवसाय करने के लिए महिलाओं को बकरा और बकरी दिए गए, इससे उन्हें आर्थिक लाभ हुआ, फिर इन्हें बोरी की रस्सी बनाने के व्यवसाय से जोड़ा गया। इससे उन्हें रोजगार मिला। इसके बाद यहां के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए गांव में ही बालवाड़ी शुरू की गई, गांव की ही कविता बिरहोर को जिम्मेदारी दी गई, इस केंद्र में बच्चों को पौष्टिक नाश्ता से लेकर दोपहर का भोजन व शाम का नाश्ता तक दिया जाता है। इसी तरह कोविड 19 के दौरान कई घरों में ऐसी स्थिति थी कि बच्चों के मां और पिता तक नहीं रहे। ऐसे बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी उठाने वाला भी कोई नहीं था। इसके अलावा कुछ सिंगल पैरेंट वाले बच्चे भी थे। जिन्हें सुव्यवस्थित आवास, शिक्षा आदि उपलब्ध कराने के लिए जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल ने सावित्रीनगर में जिंदल चिल्ड्रन होम की कल्पना की। लड़के, लड़कियों के लिए अलग अलग करीब 100 सीट का जिंदल चिल्ड्रन होम संचालित हो रहा है।

34 सौ से अधिक हुए कुपोषण मुक्त

जिंदल फाउंडेशन द्वारा माइंस एरिया के 41 और प्लांट एरिया के 46 गांवों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता का अभाव होने के कारण बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। ऐसे बच्चों को सुपोशित करने के लिए चिरंजीवी योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 6 माह से लेकर 5 वर्श तक के बच्चों को कुपोषण से बचाया जा रहा है। ऐसे बच्चों की पहचान के बाद जांच व उन्हें पोषण युक्त आहार, जरूरी दवाएं, प्रोटिन पाउडर आदि दिया जा रहा है।

महिलाओं, किशोरियों, के स्वास्थ्य पर फोकस

उचित पोषण के अभाव में किशोरी बालिकाएं और गर्भवती महिलाएं एनिमिक हो जाती हैं। इसलिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा एनिमिया दूर करने के लिए किशोरी एक्सप्रेस संचालित की जा रही है तो गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को एनिमिया से बचाने के लिए वात्सल्य योजना संचालित की जा रही है। वहीं दिव्यांग बच्चों के लिए जिंदल आशा का भी संचालन हो रहा है। किशोरी एक्सप्रेस क्षेत्र के सभी 87 गांवों में नियमित रूप से जाती हैं। इन सभी गांवों में स्वास्थ्य संगिनी बनाई गई हैं।

मां नाथलदाई के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



■ महाआरती और भोग भंडारे में जुट रहे श्रद्धालु

मां चंद्रहासिनी की छोटी बहन के रूप में प्रसिद्ध मां नाथलदाई मंदिर, ग्राम टिमरलगा में जो एक छोटी सी टापू पर विराजमान है एक्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में प्रतिदिन भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

मंदिर परिसर में प्रतिदिन दोपहर एवं रात्रि में भोग भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने के साथ ही भोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूर दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु मां नाथलदाई के दरबार में पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के चरणों में शीश झुका रहे हैं। प्रतिदिन होने वाली भव्य महाआरती, धार्मिक अनुष्ठानों और भोग भंडारे से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। श्रद्धालुओं की सेवा और प्रसाद वितरण के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ साथ सेवा एवं समर्पण की भावना भी देखने को मिल रही है। क्वांर नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मां नाथलदाई मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा है और चारों ओर भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है।

मां चंद्रहासिनी ट्रस्ट ने किया गरबा महोत्सव का आयोजन

चंद्रपुर। मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर परिसर, चंद्रपुर में श्री गोपाल महाप्रभु एवं मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास के तत्वावधान में आयोजित भव्य गरबा महोत्सव में प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। रंग.बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों की आकर्षक गरबा प्रस्तुतियों को देखने के लिए चंद्रपुर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा एवं गणमान्य नागरिक पहुंचे। मंदिर प्रांगण में देर रात तक उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। गरबा महोत्सव का शुभारंभ मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विभिन्न गरबा समूहों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पारंपरिक गरबा नृत्य, आकर्षक वेशभूषा और तालब प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लिटिल एंजेल स्कूल में सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यशाला



पुसौर। ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की अलख जगा रहे लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल तड़ोला में दो दिवसीय सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यशाला 16 और 17 अक्टूबर तक चली। इसमें 37 शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। सीबीएसई के विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण । इस कार्यशाला के लिए सीबीएसई द्वारा अधिकृत प्रशिक्षक रिसोर्स पर्सन के रूप में आरएस पांडे और अनुराग गुलाल उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को सीबीएसई इन्डक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत गुरु दक्षता विषय पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीबीएई स्कूल में बच्चों की भर्ती प्रक्रिया कैसे होनी चाहिए। परीक्षा का संचालन और मूल्यांकन कैसे किया जाए। बोर्ड कार्यालय से संबंधित दस्तावेज और नियम क्या हैं। कक्षा में पढ़ाने के नए और रोचक तरीके कौन से हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक दुष्यंत प्रधान और प्राचार्य नरेश निषाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। प्रबंधक ने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता ही स्कूल की असली पहचान है, इसलिए शिक्षकों का प्रशिक्षित होना जरूरी है। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षकों को कार्यभार सौंपा। दो दिनों तक सभी शिक्षकों ने पूरी लगन से प्रशिक्षण लिया। 17 अक्टूबर को समापन समारोह में प्रबंधक दुष्यंत प्रधान द्वारा दोनों प्रशिक्षकों को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य नरेश निषाद ने सभी प्रशिक्षकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। यह स्कूल अपनी संसाधनों से उत्कृष्ट परिणाम बड़े दे रहा है।

दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन

सरसीवा। नवरात्रि के पावन पर्व पर सरसीवा के कॉलोनी में दो दिवसीय गरबा नृत्य का आयोजन सफलता पूर्वक समापन हुआ। माँ दुर्गा उत्सव की आराधना और संस्कृति के रंग में रंगे गरबा नृत्य के इस दो दिवसीय आयोजन ने स्थानीय नागरिकों, महिलाएं,बच्चे युवक - युवतियों में उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा और भक्ति का अनूठा संगम रहा। गरबा महोत्सव के दौरान पूरा गरबा प्रांगण पारंपरिक दीपों की रोशनी, आकर्षक सजावट और भक्तिमय धुनों से जगमगा उठा था। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों विशेषकर महिलाएं युवाओं और युवतियो एवं बच्चों ने पारंपरिक चुनरी चोली और कुर्ता पायजामा पहनकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वही ढोल ताशों की थाप और पारंपरिक गरबा गीतों पर थिरकते कदमों ने लोगों का मन मोह लिया।

फ्लॉप साबित हो रही जल जीवन मिशन योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना जल जीवन मिशन सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खर्री छोटे में पूरी तरह से दम तोड़ती नजर आ रही है। गांव में करोड़ों की लागत से 4 पानी टंकियों का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन आज तक चालू नहीं हो पाई हैं।

स्थिति यह है कि टंकियां बोतल की तरह सूखी पड़ी हैं और घर घर लगे नलों से पानी की जगह सिर्फ हवा निकल रही है। ग्रामीणों को योजना का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार द्वारा टंकी बनाकर खानापूर्ति कर दी गई, पाइप लाइन बिछा दी गई, लेकिन ना तो टंकियों

ख़र्री छोटे में 4 टंकियां बनीं पर नलों में पानी नहीं



में पानी भरा जा रहा है और ना ही मोटर पंप का कनेक्शन सही से किया गया है। ग्रामीणों को हैंडपंप और कुएं के सहारे पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, उन्हें दूर दराज से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सरपंच सचिव और अधिकारियों को इसकी शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत खर्री छोटे मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित वार्ड क्रमांक 1 में सरपंच सचिव की अनदेखी, मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना का सर्वे वार्ड क्रमांक 1 में नहीं हुआ है जानबूझकर शासन की योजनाओं से वंचित रखा गया है। जिसकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नल जल योजना की जांच कराई जाए और जल्द से जल्द टंकियों को चालू कर गांव में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

एनएसएस ने किया गोद ग्राम सूती उरकुली में शिविर का आयोजन



बिलाईगढ़। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा दत्तक ग्राम सूतीउरकुली में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू एवं रसायन शास्त्र के अतिथि व्याख्याता लेविस कुमार के मार्गदर्शन में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न हुआ, जिसमें 40 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने ग्राम के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता पर आधारित प्रेरक नारों के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई। श्रमदान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में स्थित पीपल वृक्ष के चारों ओर एक सुदृढ़ चबूतरे का निर्माण किया तथा पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लेते हुए अनेक फलदार व छायादार पौधे रोपे। शिविर के बौद्धिक परिचर्चा एवं समापन सत्र कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू ने शिविर में संपादित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

स्काई अलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड का कनमुरा में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर



खरसिया। स्काई अलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत खरसिया ग्राम कनमुरा में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 183 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जाँच करवाई। इस दौरान 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

कंपनी के प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्लांट के कर्मचारियों एवं आसपास के ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है। उनका मानना है कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य ही बेहतर भविष्य की नींव है। इस अवसर पर कारखाने के अनुभवी चिकित्सक डॉ. टीएल पटेल एवं डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य जाँच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर प्रमुख दिग्विजय पटेल के अगुवाई में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने बीमारियों की समय रहते पहचान करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सराहनीय प्रयास किया गया।

भरत को मिला मानद डॉक्टरेट सम्मान



घौठला बड़े। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फर्सवानी में कार्यरत व्याख्याता भरत लाल पटेल को दिल्ली फरीदाबाद में 10 अक्टूबर को भारत सरकार और नीति आयोग से मान्यता प्राप्त संस्था मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड ने मानद डॉक्टरेट के सम्मान से सम्मानित किया है। नवाचारी शिक्षक भरत लाल पटेल को यह सम्मान उनके द्वारा साहित्यिक योगदान के लिए दिया गया। हिंदी विषय के व्याख्याता भरत लाल पटेल स्कूल में अध्यापन के अतिरिक्त कविता, गीत और कहानी के माध्यम से समाज में नवीन चेतना लाने का सार्थक प्रयास करते रहते हैं। यद्यपि यह सम्मान और उपाधि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के लिए है इस उपाधि का उपयोग प्रशासनिक लाभ लेने में नहीं कर सकते हैं। भरत लाल पटेल ने सम्मान समारोह के सभा कक्ष के उद्बोधन में इस उपलब्धि को अपने सभी सहकर्मियों और स्कूल के बच्चों की प्रेरणा का प्रतिफल बता कर संस्था के नाम समर्पित किया।

मंदिर में जुगार यात्रा एक अनूठी परंपरा...

रणेश्वर रामचंडी माता रानी के दरबार में आस्था का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया





शारदीय नवरात्र के अवसर पर आस्था का केंद्र श्री श्री रणेश्वर रामचंडी माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां माता रानी को समर्पित जुगार यात्रा एक बेहद अनूठी और पावन परंपरा है। इस यात्रा की शुरुआत सदियों पुरानी पशु बलि की प्रथा को समाप्त करने के लिए की गई थी। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में कोलता समाज जाति वर्ग के कुलदेवी श्री श्री रणेश्वर रामचंडी माता की मंदिर हर जगह बनाए गए हैं ।

सारंगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया में भी समाज के विशेष सहयोग से माता रानी का मंदिर का निर्माण सन 2017 में हुआ है। तब से लेकर अब तक यहां प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र उत्साह के साथ मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र के सप्तमी के दिन शनिवार को माता रानी को समर्पित जुगार यात्रा निकाली गई। जिसमें माता एबहनों एबच्चों और सभी भक्तजनों का शामिल होना बेहद सौभाग्य और अटूट आस्था का प्रतीक माना जा रहा है। जुगार यात्रा पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिले में एकमात्र श्री श्री रणेश्वर रामचंडी माता मंदिर में प्रतिवर्ष जुगार यात्रा एक अनोखी रस्म है। यह यात्रा हर साल शारदीय नवरात्र में माता रानी के पूजा के दौरान मनाई जाती है। इस रस्स में की शुरुआत पशु बलि प्रथा को रोकना है। जुगार धान के लाई और गुड का मिश्रण कर बनाए जाने वाला एक विशेष शंकु के आकार का प्रसाद होता है। इसे भव्य रूप से सजाकर 10 से 15 फीट या उससे भी ऊंचा तैयार कर यात्रा के रूप में लाया जाता है। इस यात्रा में माता बहनों और पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धाप पर थिरकते हुए और हाथों में माता रानी की जय माता दी के झंडा लिए व जयकारे लगाते हुए जुगार यात्रा मंदिर तक लेकर जाते हैं। बाद में इस पवित्र प्रसाद को सभी ग्रामीणों में सुख समृद्धि की कामना के साथ प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता है। कोलता समाज आंचलिक सभा के अध्यक्ष कुरूपति गुप्ता ने बताया की हमारे आंचल में 42 ग्राम आते हैं और 42 ग्रामों को 7 जोन में बांटा गया है।

